नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com
पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 22 जून 2019

योगमय हुआ एनसीआर, दिखा जोश और जज्बा

जगह-जगह लगे योग शिविर, बच्चों और महिलाओं ने भी लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा

● सांसदों, विधायकों संग तमाम हस्तियों ने भी लिया भाग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नोएडा वासियों ने योगासन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में जगह-जगह योग शिविर आयोजित किए गए। नोएडा के सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम के फुटबॉल ग्राउंड और ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक क्रीड़ा स्थल पर मुख्य रुप से योग कैंप का आयोजन किया गया। नोएडा के सेक्टर-21ए में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद महेश शर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इसके अलावा सीआरपीएफ, पीएसी, बीएसएस कैंप में भी योग शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने हिस्सा लिया है।

सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम हजारों लोगों ने एक साथ योग करते हुए स्वास्थ्य के साथ भाईचारा का संदेश दिया। सुबह 6 बजे से ही आयोजित किए गए शिविर में योग क्रियाएं कराई गई। डॉ महेश शर्मा ने लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि योग को हम सभी को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यह शारीरिक और मानसिक विकास होता है। यहां नोएडा विधायक पंकज सिंह, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष विजय आजमानी और एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन और 2014 की फेमिना मिस इंडिया कोयल राणा भी उपस्थित रही। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। इस दौरान हजारों लोगों ने योगासन लगाकर लाभ कमाया।

फोटो : दीपक यादव

दिन की शुरूआत हुई योग के साथ

साहिबाबाद। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गौर्स ग्रुप के कर्मचारियों ने इंदिरापुरम स्थित गौड ब्रिज पार्क में सामूहिक योग किया।

योग विशेषज्ञों की देखरेख में समूह के करीब 200 लोगों ने योग के भिन्न-भिन्न प्रारूपों का अभ्यास किया। योग पर आधारित कार्यक्रम की शुरूआत में योग विशेषज्ञों ने लोगों को योग और इससे होने वाले अभूतपूर्व लाभों के बारे में बताया। इसके बाद क्रमबद्ध तरीके से विभिन्न आसनों का अनुसरण किया और योग के लिए अतिरिक्त समय निकालकर हर रोज इसे करने का संकल्प लिया।

जेल से लेकर स्कूलों तक योगाभ्यास

लुक्सर स्थित जेल में कैदियों ने योग किया। आर्य समाज की तरफ से कैदियों को योग कराया गया। इसके अलावा दिल्ली पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडिट, सेंट जोसेफ, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित हुए योग शिविर में छात्रों ने हिस्सा लिया। वहीं स्कूलों बच्चों में भी योगदिवस पर बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने योग गुरुओं से कई आसन सीखे।

वसुंधरा में बच्चों ने किया योग

गाजियाबाद। योग दिवस के मौके पर वसुंधरा सेक्टर-3 में आसरा फाउंडेशन और नोबल कॉज एनजीओ ने योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें निर्धन परिवार के बच्चों ने शिरकत किया। फाउंडेशन की सचिव गीता मिश्रा, अंजू मेहरा, रुचि कुमारी, यूरिका ने बच्चों के साथ योगासन किया। इस मौके पर को फाउंडर निपुण जैन, नेहा, नसीम खान, रिजवान खान, आशिमा गुप्ता और नबीला खान मौजूद थे।

पीछे नहीं रहे देहात के लोग

शहरों में ही नहीं, बल्कि देहात क्षेत्रों में भी लोग योग के प्रति जागरुक दिखाई दिए। ग्रामीणों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शिविर में योग करने पहुंचे। यहां के कौड़ली गांव में आयोजित हुए योग शिविर कैंप में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गो ने भी हिस्सा लिया। योग के अलावा पर्यावरण को सुरक्षित बनाने रखने के लिए हवन-यज्ञ भी किया गया।